# मनोहरभाई पटेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,सालेकसा .
# जिला गोंदिया .

## हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम / उपक्रम

## सत्र २०२४-२०२५

## सूचना ,फोटो और समाचार पत्र की कतरन

### १. हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा (१४ सितम्बर २०२४ से २९ सितम्बर २०२४)

**विषय : हिंदी दिवस समारोह एवं पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम :- १४ सितम्बर २०२४**

**प्रमुख अतिथि :डॉ .आर .यु .गायकवाड ( राजनीतिशास्त्र विभागप्रमुख ),**
**डॉ .वर्षा गंगने (अर्थशास्त्र विभाग प्रमुख )**

**अध्यक्ष : प्रभारी प्राचार्य डॉ .बी .टी .फुंडे ( विद्यार्थी संख्या : ७० )**

दिनांक: १४ सितम्बर २०२४ को 'हिंदी दिवस समारोह का आयोजनहिंदी विभाग द्वारा किया गया था

मनोहरभाई पटेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,सालेकसा .जिला गोंदिया .

सूचना

दिनांक : ६ / ०९ /२०२४

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि "हिंदी दिवस" के उपलक्ष्य में दिनांक : १४ सितम्बर २०२४ से २९ सितम्बर २०२४ तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया हैं जिसमें निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया हैं .

अत: जो विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सहभाग लेना चाहते है वे सभी अपना नाम ' हिंदी विभाग ' में दिनांक १३ /९ / २०२४ तक दे सकते हैं .

प्रतियोगिताएं :-

1. निबंध प्रतियोगिता
   विषय : राजभाषा हिंदी की संवैधानिक स्थिति
   दिनांक : १६ सितम्बर ,२०२४
   समय/स्थान – दोपहर १२ .०० बजे /रू .नं २२
2. स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता
   विषय :प्रकृति चित्रण
   दिनांक :१८ सितम्बर २०२४
   समय /स्थान :दोपहर १२ .०० बजे / रू .नं २२
3. वक्तृत्व प्रतियोगिता
   विषय :मिडिया के विभिन्न क्षत्रों में हिंदी भाषा का महत्व
   दिनांक :२० सितम्बर २०२४
   समय /स्थान : दोपहर १२.०० बजे /रू .नं २२
4. गीतगायन प्रतियोगिता
   दिनांक :२३ सितम्बर २०२४
   समय / स्थान ; दोपहर १२.०० बजे /सेमिनार हॉल

६/०९/२०२४
विभागप्रमुख
Head
Department of Hindi
Manoharbhai Patel Arts & Commerce
College, Salekasa, Dist. Gondia

प्राचार्य
Principal
Manoharbhai Patel Arts & Commerce College
Salekasa, Dist. Gondia (M.S.) Pin-441916




हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम

## २. हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम :-




**लोकमत समाचार**

# हिंदी प्रत्येक भारतवासी के अभिव्यक्ति की भाषा : जैन

लोकमत समाचार सेवा

**सालेकसा :** मनोहरभाई पटेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी.के जैन ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी राष्ट्र के विकास की भाषा है. हिंदी प्रत्येक भारतवासी की अभिव्यक्ति की भाषा है. प्रत्येक व्यक्ति अपने हृदय की पूर्ण अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही कर सकता है. भारत के बहुसंख्यक लोगों की भाषा हिंदी है. इसलिए हमारे देश में हिंदी का विशेष महत्व है. हिंदी का विकास विभिन्न क्षेत्रों में होना चाहिए. वे महाविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे.



कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ.बी.के.जैन, प्रा.रितु तुरकर एवं अन्य.

इस हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा निबंध, भाषण, गीत गायन व स्वरचित काव्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया. निबंध स्पर्धा में ज्योति अग्रवाल प्रथम, काजल पटले द्वितीय व प्रगति सहारे तृतीय स्थान पर रही. काव्य स्पर्धा में काजल पटले प्रथम, ज्योति अग्रवाल द्वितीय व अर्चना मेश्राम तृतीय स्थान पर रही. गीत गायन स्पर्धा में पिंकी नेवारे प्रथम, कावेरी ठाकरे द्वितीय व नमन डोंगरे ने तृतीय स्थान पाया.

भाषण स्पर्धा में काजल पटले प्रथम, योगिता लिल्हारे द्वितीय व निकिता लिल्हारे तृतीय स्थान पर रही. स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया. महाविद्यालय में एम.ए. हिंदी में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रथम क्रमांक से उत्तीर्ण मनीषा शेंडे को प्रमाणपत्र, पुष्पगुच्छ व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज व शिक्षाविद् मनोहर भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, पूजन-वंदन से विधिवत की गई. कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रा.रितु तुरकर ने रखी. कार्यक्रम का संचालन काजल पटले व आभार प्रदर्शन कावेरी ठाकरे ने किया.

Apna Vidarbha
Page No. 7 Oct 10, 2024
Powered by: erelego.com

हिंदी पखवाडा आमंत्रित प्राचार्य एवंम विशेष अतिथी



पुरस्कृत विद्यार्थीयोका सत्कार वितरण






## हिंदी पंधरवड्याचा समारोप; विजेत्यांना पारितोषिक वितरण

### पटेल विद्यालयात पार पडल्या विविध स्पर्धा

सालेकसा, (ता. प्र.). येथील मनोहरभाई पटेल कला व वाणिज्य महाविद्यालयात प्राचार्य डॉ. बी. के. जैन यांच्या अध्यक्षतेखाली हिंदी पंधरवडा समारोपीय पारितोषिक वितरण कार्यक्रम साजरा करण्यात आला.

हिंदी विभागातर्फे 14 ते 30 सप्टेंबरदरम्यान हिंदी पखवाडा अंतर्गत विविध स्पर्धांचे आयोजन करण्यात आले होते. यामध्ये निबंध, वक्तृत्व, गीत गायन, स्वरचित कविता स्पर्धा आयोजित केली होती. निबंध स्पर्धेत ज्योती अग्रवाल प्रथम, काजल पटले द्वितीय, प्रगती सहारे तृतीय तर कविता स्पर्धेत काजल पटले प्रथम, ज्योती अग्रवाल द्वितीय आणि अर्चना मेश्राम तृतीय क्रमांकावर राहिली. गीत गायन स्पर्धेत पिंकी नेवरे हिने प्रथम, कावेरी ठाकरे द्वितीय, नमन डोंगरे हिने तृतीय क्रमांक पटकावला. वक्तृत्व स्पर्धेत काजल पटले प्रथम, योगिता लिल्हारे द्वितीय, निकिता लिल्हारे तृतीय आली. स्पर्धेत प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमांक मिळविलेल्या विद्यार्थ्यांना भेटवस्तू व प्रमाणपत्र देऊन मनीषा शेंडे हिला सत्र 2023-24 मध्ये उत्तीर्ण झाल्याबद्दल प्रमाणपत्र, पुष्पगुच्छ देऊन गौरविण्यात आले. राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज व शिक्षकमहर्षी मनोहरभाई पटेल यांच्या तैलचित्रांना पुष्पहार, दीपप्रज्वलन व प्रार्थना करून कार्यक्रमाची औपचारिक सुरुवात करण्यात आली. प्रास्ताविक प्रा. रितू तुरकर यांनी केले.

### हिंदी राष्ट्रविकासाची भाषा

महाविद्यालयाचे प्राचार्य व कार्यक्रमाचे अध्यक्ष डॉ. बी. के. जैन यांनी आपल्या अध्यक्षीय भाषणात राजभाषा हिंदीचे महत्त्व विशद करताना सांगितले की, हिंदी ही राष्ट्राच्या विकासाची भाषा आहे. हिंदी ही प्रत्येकाची अभिव्यक्ती भाषा आहे. भारतीय, प्रत्येक व्यक्ती आपल्या मातृभाषेत पूर्ण अभिव्यक्ती देऊ शकते आणि भारतातील बहुसंख्य लोकांची भाषा हिंदी आहे. त्यामुळे आपल्या देशात हिंदीला विशेष महत्त्व आहे. विविध क्षेत्रात हिंदीचा विकास झाला पाहिजे, असेही यावेळी ते म्हणाले. संचालन काजल पटले यांनी केले तर आभार कावेरी ठाकरे यांनी मानले. कार्यक्रमाच्या यशस्वीतेसाठी प्रा. डॉ. गंगणे, प्रा. भगवान साखरे, प्रा. डॉ. गायकवाड, डॉ. परिमल डोंगरे, डॉ. बाबुसिंग राठोड, डॉ. अश्विन खांडेकर, प्रा. राकेश बहेकार, प्रा. संगीता ढेकवार व विद्यार्थ्यांनी विशेष सहकार्य केले.

CS Scanned with CamScanner

हिंदी पखवाडा समापन दिवस के उपलक्ष मे मार्गदर्शन करते हुये प्राचार्य डॉ.बि.के.जैन

## ३. हिंदी विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक सहल :-

**दिनांक २६/०२/२०२५**

**स्थान :- नंदनवन अभयारण्य ,रायपूर (छत्तीसगड)**



नंदनवन अभयारण्य ,रायपूर (छत्तीसगड) छायाचित्र

## ४.कवी संमेलन :- २८/03/२०२५

सूचना

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि "हिंदी भाषा विभाग"द्वारा' कवि सम्मेलन' का आयोजन दिनांक : 28/03/2025, समय: सुबह 11.30 बजे किया गया है.

अतंएवं इस कवि सम्मेलन में जो भी छात्र-छात्राएं सहभाग लेना चाहते हैं वे सभी 'हिंदी भाषा विभाग,' में दिनांक:27.3.2025 तक अपना नाम दे सकते हैं.

नियम:-

1) कविता स्वरचित ही होनी चाहिए.

2) कविता हिंदी, मराठी, इंग्लिश में हो सकती है.

हिंदी भाषा विभाग

प्राचार्य

Principal

Manoharbhai Patel Arts & Commerce College

Salekasa, Dist. Gondia (M.S.) Pin-441916

CS Scanned with CamScanner




CS Scanned with CamScanner




CS Scanned with CamScanner

**लोकमत समाचार**

## पटेल महाविद्यालय में कवि सम्मेलन



कवि सम्मेलन में मंचासीन प्राचार्य डॉ. जैन, गायकवाड, खांडेकर, भगत व अन्य.

**सालेकसा :** मनोहरभाई पटेल कला व वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. जैन ने की. सम्मेलन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जैन, मुख्य अतिथि डॉ. रुपेश गायकवाड, प्रा. भगवान साखरे, डॉ. अश्विन खांडेकर व ग्रंथपाल अरविंद भगत ने दीप प्रज्ज्वलन से किया. सम्मेलन में बी. ए., बी.कॉम व एम. ए. हिंदी के विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया. प्रवीणकुमार बोंबर्डे, अर्चना मेश्राम, प्रगति सहारे, काजल चौधरी, दीप्ति चौरे, चेतना बघेले, नीकिता लिल्हारे, राधिका मरस्कोल्हे, किरन खुडसिंगे, अंजलि बागड़े, कावेरी ठाकरे, काजल पटले, योगिता लिल्हारे, नूतन शरणागत व प्रीति मानकर की कविताएं सराही गईं. प्राचार्य डॉ. जैन, डॉ. खांडेकर, प्रा. साखरे, डॉ. गायकवाड, ग्रंथपाल भगत ने रचनात्मक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुक्त कर दिया. कार्यक्रम का संचालन लिल्लारे ने किया. प्रस्तावना सम्मेलन की संयोजिका प्रा. रितु तुरकर ने रखी. आभार प्रदर्शन डॉ. बाबूसिंह राठोड़ ने किया.

Apna Vidarbha
Page No. 7 Apr 10, 2025
Powered by: erelego.com

**देशोन्नती**

## मनोहरभाई पटेल महाविद्यालयात हिंदी कवी संमेलन संपन्न

देशोन्नती वृत्तसंकलन

**सालेकसा :** मनोहरभाई पटेल कला आणि वाणिज्य महाविद्यालय, सालेकसा येथे हिंदी विभागाच्या वतीने एक भव्य हिंदी कवी संमेलनाचे आयोजन करण्यात आले. महाविद्यालयाचे प्राचार्य डॉ. बी.के. जैन यांच्या अध्यक्षतेखाली झालेल्या या संमेलनात विद्यार्थ्यांनी उत्साहाने सहभाग घेतला.

कार्यक्रमाची सुरुवात प्राचार्य डॉ. बी.के. जैन, प्रमुख अतिथी डॉ. रुपेश गायकवाड, प्रा. भगवान साखरे, डॉ. अश्विन खांडेकर आणि ग्रंथपाल अरविंद भगत यांच्या हस्ते दीपप्रज्वलन करून करण्यात आली. संमेलनात बी.ए., बी.कॉम., आणि एम.ए. हिंदीच्या विद्यार्थ्यांनी स्वतःच्या रचनांचे सादरीकरण केले. या वेळी प्रवीणकुमार बोम्बर्डे, अर्चना मेश्राम, प्रगती सहारे, काजल चौधरी, दीप्ती चौरे, चेतना बघेले, निकिता लिल्हारे, राधिका मरसकोल्हे, किरण खुडसिंगे, अंजली बागडे, कावेरी ठाकरे, काजल पटले, योगिता लिल्हारे, नूतन शरणागत आणि प्रीती मानकर



यांच्या कविता विशेष आकर्षण ठरल्या. याशिवाय, प्राचार्य डॉ. बी.के. जैन, डॉ. अश्विन खांडेकर, प्रा. भगवान साखरे, डॉ. रुपेश गायकवाड आणि ग्रंथपाल अरविंद भगत यांनीही आपल्या रचनात्मक सादरीकरणाने उपस्थितांना मंत्रमुग्ध केले.

कार्यक्रमाचे संचालन योगिता लिल्हारे यांनी केले, तर संमेलन संयोजिका प्रा. रितु तुरकर यांनी प्रस्तावना मांडली. डॉ. बाबूसिंह राठोड यांनी आभार प्रदर्शन केले. या कार्यक्रमाने विद्यार्थ्यांमध्ये हिंदी कवितेची आवड वाढवण्यास मदत केली आणि त्यांना अभिव्यक्तीचे सशक्त व्यासपीठ मिळाले.

Gondia Edition
Apr 03, 2025 Page No. 6
Powered by: erelego.com

**हिंदी विभाग द्वारा कवी संमेलन का आयोजन :- २८/03/२०२५**

## ५.गोंदिया जिल्हा समाचार पत्र कार्यालय शैक्षणिक भेट :-( ०१/०४/२०२५)

मनोहरभाई पटेल कला व वाणिज्य महाविद्यालय,सालेकसा.

सूचना

दिनांक : १८ मार्च, 2025

बी. ए., बी.कॉम हिंदी माध्यम के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में रोजगार क्षमता निर्माण में सहायता हेतु स्थानीय 'लोकमत समाचार 'केंद्र से भेंटवार्ता का आयोजन ' हिंदी विभाग' द्वारा दिनांक: 1 अप्रैल, 2025 को किया समयःसुबह 11.00 बजे किया गया है

अंतएवं बी.ए, बी.कॉम हिंदी माध्यम के सभी विद्यार्थियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है.

(प्रा. रितु तुरकर)
हिंदी विभाग

प्राचार्य
Principal
Manoharbhai Patel Arts & Commerce College, Salekasa, Dist-Gondia (M.S.) Pin-441916

CS Scanned with CamScanner




समाचार पत्र छपाई कारखाना



जगप्रेरणा समाचार पत्र के संपादक श्री.आशिष वर्मा मार्गदर्शन करते हुये



# मनोहरभाई पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गोंदिया जिले के समाचार पत्र कार्यालयों में दी शैक्षणिक भेंट..

जगप्रेरणा सालेकसा।

*गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित मनोहरभाई पटेल कला व वाणिज्य महाविद्यालय सालेकासा जिला-गोंदिया के हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. बी.के जैन के मार्गदर्शन में*

संयोजिका प्रा. रितु तुरकर और विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2025 को गोंदिया जिले के विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के कार्यालयों में भेंट दी गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के कौशल्य विकास हेतु पाठ्यक्रम में समाचार लेखन का अध्ययन विषय दिया गया है जिससे कि विद्यार्थियों में जनसंचार के विभिन्न स्रोतों का अध्ययन, समाचार लेखन के लिए रुचि निर्माण करना और समाचार लेखन को व्यावसायिक दृष्टिकोण देना, इस प्रमुख उद्देश्य से गोंदिया जिले के विभिन्न समाचार पत्रों से विद्यार्थियों ने भेंट किया।

दैनिक भास्कर समाचार पत्र के जिला प्रतिनिधि संतोष शर्मा, लोकमत व लोकमत समाचार के प्रतिनिधि कबीर केकर व मनीष मिश्रा और' जगप्रेरणा' समाचार पत्र के संपादक आशीष वर्मा और अन्य पत्रकारों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें समाचार निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया। विद्यार्थियों को समाचार लेखन, संपादन, रिपोटिंग और प्रकाशन की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें समाचार पत्र के दैनिक कार्यप्रणाली, प्रेस विज्ञप्ति, साक्षात्कार और रिपोर्टिंग के महत्व के बारे में भी बताया गया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और पत्रकारिता क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और चुनौतियों पर चर्चा की। समाचार संपादक ने उन्हें निष्पक्ष और प्रभावी पत्रकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना होता है और पत्रकारों की जिम्मेदारी निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जानकारी जनता तक पहुँचाने की होती है। इस शैक्षणिक यात्रा से विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

हिंदी विभाग प्रमुख व भेंट की संयोजिका प्रा. रितु तुरकर ने समाचार कार्यालयों के संपादक व पत्रकारों का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसे शैक्षणिक दौरों को जारी रखने की इच्छा जताई।




लोकमत समाचार कार्यालय भेट




# विद्यार्थियों ने ली समाचार पत्र की तकनीकी जानकारी

ब्यूरो | गोंदिया



मनोहरभाई पटेल कला व वाणिज्य महाविद्यालय सालेकसा के हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. बी.के जैन के मार्गदर्शन में संयोजिका प्रा. रीतु तुरकर और विद्यार्थियों ने 31 मार्च 2025 को गोंदिया जिले के दैनिक समाचार पत्रों के कार्यालयों में जाकर समाचार निर्माण की प्रक्रिया समझी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु पाठ्यक्रम में समाचार लेखन का अध्ययन विषय दिया गया था।इसिमें विद्यार्थियों में जनसंचार के विभिन्न स्रोतों का अध्ययन, समाचार लेखन के लिए रुचि निर्माण करना और समाचार लेखन को व्यावसायिक दृष्टिकोण देना था। उन्हें समाचार निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को समाचार लेखन, संपादन, रिपोर्टिंग और प्रकाशन की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी के साथ उन्हें समाचार पत्र के दैनिक कार्यप्रणाली, प्रेस विज्ञप्ति, साक्षात्कार और रिपोर्टिंग के महत्व के बारे में भी बताया गया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और पत्रकारिता क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और चुनौतियों पर चर्चा की। संयोजिका प्रा. रितु तुरकर ने समाचार कार्यालयों के संपादक व पत्रकारों का आभार माना और भविष्य में ऐसे शैक्षणिक दौरों को जारी रखने की इच्छा जताई।

दैनिक भास्कर
Fri, 04 April 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/77108195